हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 16 जुलाई 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 30 फीट चौड़े नाले को अतिक्रमण कर 10 फीट...



07 खिरकाई पर चंदा वसूली के लिए पहुंचे बदमाशों पर...



## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास का शुभारंभ 27 जुलाई को

**सागर।** बामोरा में नवनिर्मित महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास आगामी 27 जुलाई को कन्या पूजन के साथ आरंभ होगा। इस छात्रावास में आर्थिक रूप से कमजोर 40 छात्राओं की निःशुल्क आवासीय व्यवस्था होगी। जिला क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास में 40 छात्राओं के लिए आवास के साथ सभी सुविधाएं निशुल्क रहेंगी। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि आगामी 27 जुलाई, रविवार को 12 बजे महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में अवश्य शामिल हों।

### जिले में अब तक 561.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 561.9 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 731.2 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 485.8 मि.मी., जैसीनगर में 475.3 मि.मी., राहतगढ़ में 731.2 मि.मी., बीना में 413.6 मि.मी., खुरई में 589.7 मि.मी, मालथौन में 514.0 मि.मी., बण्डा में 625.2 मि.मी, शाहगढ में 604.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 554.2 मि.मी, रहली में 532.1 मि.मी, देवरी में 588.7 मि.मी. तथा केसली में 627.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### जनसुनवाई में हुई 173 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 173 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 173 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**सागर।** जन्म-मृत्यु पंजीयन से सबंधित जिला अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक टी०एल० बैठक के बाद कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिक निगम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं संबंधित अधिकारीगण सम्मिलित हुए। फर्जी पंजीयन संज्ञान में आने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार जांच कर कार्रवाई करें।

## निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्य का सत्यापन कराएं

# लक्षित शत प्रतिशत छात्रों को स्कूल में प्रवेश दिलाएं, खराब रिजल्ट वाली शालाओं के प्राचार्यों के विरुद्ध करें कार्रवाई : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग की सभी शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उनकी पात्रता के अनुरूप निःशुल्क पाठ्य पुस्तक योजना के अंतर्गत पाठ्य पुस्तकें मुहैया कराने के निर्देश संयुक्त संचालक शिक्षा सागर संभाग को दिए हैं।

कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग की सभी शालाओं में 31 जुलाई के पूर्व निःशुल्क किताबों का वितरण सुनिश्चित कराएँ। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग के पात्र सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क किताबें मिली अथवा नहीं मिली, इसकी मॉनिटरिंग करें और इस कार्य का सत्यापन भी कराएँ। कमिश्नर सुचारी ने उक्त निर्देश आज शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने सागर संभाग में निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि 31 जुलाई से पूर्व सभी छात्र-छात्राओं तक सभी विषयों की पाठ्य पुस्तकें पहुँच जाना चाहिए।

बैठक में कमिश्नर ने विगत शिक्षा सत्र के परीक्षा परिणामों की जिलेवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संभाग की ऐसी सभी शालाओं को चिन्हित करें, जहां का परीक्षा परिणाम बहुत खराब रहा हो, और ऐसी शालाओं के छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाए ताकि आगामी शिक्षा सत्र में अच्छा परीक्षा परिणाम आ सके। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि खराब परीक्षा परिणाम वाली सभी शालाओं के प्राचार्यों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कमिश्नर ने चालू शिक्षा सत्र में स्कूलों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग के सभी जिलों में चालू शिक्षा सत्र के लिए लक्षित शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को स्कूलों में प्रवेश दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

कमिश्नर ने कहा कि शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाने हेतु प्रेरित किया जाए। बैठक में संयुक्त संचालक शिक्षा ने बताया कि सागर संभाग में लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 84 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई तक सभी छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिला दिया जाएगा। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में स्कूल भवनों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में स्कूल भवनों की निर्माण स्थिति ठीक नहीं है। इसमें सुधार करें। कमिश्नर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी समीक्षा की।



## जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सुना

**सागर।** नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नवीन कार्यालय भवन में नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिये आयोजित की गई जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों ने विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न वार्डो से आये नागरिक जिनमें समस्त वार्डवासी शास्त्री वार्ड, उत्तम यादव मधुकर शाह वार्ड, मुहम्मद निसार दयानंद वार्ड, पूरन नन्हेलाल, कबीता यादव विट्ठल नगर वार्ड, यशवंत बंसल, बृजेश बंसल, सोनम धानक राजीव नगर वार्ड, रजनी सोनी अंबेडकर वार्ड, एवं कैलाश श्रीवास्तव राजीव नगर वार्ड ने नगर निगम ने अपनी-अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए जो भी आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं उनका निराकरण शीघ्र करें। जनसुनवाई में उपायुक्त एस एस बघेल, विजय दुबे, संजय तिवारी, सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# नशे से दूरी है जरूरी: मप्र पुलिस का विशेष जन-जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सागर जिले में 15 जुलाई 2025 से 30 जुलाई तक ''नशे से दूरी है जरूरी'' शीर्षक से विशेष नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य समाज विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना एवं उन्हें इस सामाजिक बुराई से दूर रहने हेतु प्रेरित करना है।यह राज्य स्तरीय अभियान मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में संपूर्ण प्रदेश में एकरूपता से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में यह कार्यक्रम सम्पूर्ण सागर जोन में पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर हिमानी खन्ना, रेज सागर में उप पुलिस महानिरीक्षक सुनील पांडे एवं सागर जिले में पुलिस अधीक्षक सागर विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन में चलाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक सागर विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में ''नशे से दूरी है जरूरी'' अभियान के तहत सागर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में विशेष आयोजन संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत जन जागरूता रैली निकाली गई।

इस अवसर पर सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई, मार्च पास्ट एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सेल्फी प्वाइंट बनाकर युवाओं को जागरूकता संदेश साझा करने हेतु प्रेरित किया गया। नशे के खिलाफ जागरूकता हेतु बैनर-पोस्टर और रिस्टबैंड वितरण किया गया।



## सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया

**सागर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लालजी देसाई के जन्मदिन को जिला सेवादल परिवार ने सेवा दिवस के रूप में मनाया। जिला सेवादल परिवार बाघराज मंदिर प्रांगण में मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित महाराणा प्रताप विधा मंदिर के प्रत्येक छात्र-छात्रा को कापी, पेंसिल, चाकलेट आदि वितरित किये और अंत में फलदार पौधे लगा कर पौधारोपण कर उन को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का आयोजन शहर और ग्रामीण सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में सेवादल परिवार से शहर अध्यक्ष सिंटू कटारे, ग्रामीण अध्यक्ष महेश जाटव, द्वारका चौधरी, अरविंद ठाकुर, नितिन पचौरी, आनंद हेला, अजय राजपूत, निखिल जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधालय संचालन की ओर से सारिका केशरवानी, आकांक्षा सेतिया आदि शिक्षकों अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## सहायक समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सागर से सम्बद्ध बहु. प्राथ. कृषि साख सहकारी समितियों की सदस्य स्तर की वसूली वर्ष 2024-25 में 30 जून, 2025 की स्थिति पर जिले की 46 प्राथमिक समितियों के द्वारा वसूली कार्य में रूचि नहीं लेने नोटिस वितरण एवं सतत संपर्क नहीं करने के कारण 25 प्रतिशत से कम वसूली होने पर संज्ञान लेते हुए उक्त 46 समिति के सहायक समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही समितियों में पदस्थ समिति प्रबंधक (कैडर) को भी कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। बैंक ऋण वसूली में लक्ष्यों की पूर्ति नहीं करने से संबंधित 09 शाखा प्रबंधकों को बैंक सेवानियम अनुसार कार्यवाही हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये।

## 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

**सागर।** कलेक्टर के आदेशानुसार वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों की प्रजनन अवधि को ध्यान में रखते हुए मछलियों के संरक्षण हेतु मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज़ सीजन घोषित किया गया है। इस अवधि में वे सभी जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी से है या जो निर्दिष्ट जल की परिभाषा में आते हैं, उनमें मछली पकड़ना, विक्रय, विनिमय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## कलेक्टर ने किया खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण, किसान भाईयों से की चर्चा

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने आज सिहोरा पहुंचकर खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण किया एवं मौके पर मौजूद किसान भाइयों से चर्चा की। उन्होंने किसान भाइयों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली एवं उनके निराकरण के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आप सभी की सुविधा के लिए सभी प्रकार के प्रबंध किए जा रहे हैं और आप लोग परेशान न हो सभी को खाद, उर्वरक प्राप्त होगा। उन्होंने किसान भाइयों की परेशानी को देखते हुए सभी खाद वितरण केन्द्रों पर तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों की तैनाती भी की है। उन्होंने निर्देश दिए की सभी खाद वितरण केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए जिसमें बारिश से बचाव के लिए छांव की व्यवस्था की जावे और शुद्ध पेयजल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सभी किसान भाई आराम से खाद प्राप्त करें सभी को खाद प्रदान की जाएगी। उन्होंने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद उपलब्धता की जानकारी किसान भाइयों तक पहुंचे इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध किया जावे जिससे कि किसान भाई परेशान न हो।






## पशुओं को जब्त कर जुर्माना लगाने की कार्रवाई करें

# गौवंश हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें, नगरीय विभाग के अधिकारी गौवंश हटाने और स्वच्छता पर विशेष कार्रवाई करें: कलेक्टर संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

गौवंश हटाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करें, नगरीय विभाग के सभी अधिकारी गौवंश हटाने एवं स्वच्छता पर विशेष कार्यवाही करें साथ ही पशुओं को जप्त कर जुर्माना लगाने की कार्यवाही करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि सागर को गौवंश मुक्त करने के लिए सभी नगरीय निकाय के अधिकारियों के साथ समस्त राजस्व अधिकारी प्रभावी कार्यवाही कर सड़कों को पशु विचरण मुक्त सड़क बनाएं साथ ही पशु मालिकों पर भी जुर्माने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार सभी नगरीय निकाय के अधिकारी नगर निगम कमिश्नर, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जनजागरुकता अभियान प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि दोनों कार्यवाही में पुलिस का सहयोग भी लें और पुलिस से समन्वय बना कर लगातार कार्यवाही करें। उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिले की चार मुख्य सड़कों से पालतू एवं आबारा पशुओं से मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि सागर-भोपाल रोड जिसमें सागर से बागरौद चौराहा तक, राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के अंतर्गत महारापुर से मालथौन तक की फोरलेन सड़क, सागर से छतरपुर रोड, सागर से जबलपुर रोड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उक्त सभी सड़कों पर टोल टैक्स कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा करें एवं पशुओं को पकड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत कराएं। उन्होंने कहा कि सभी पशुओं को पकड़कर गौशाला में सिफ्ट किया जाए। गौशालाओं में शासन की ओर से प्रत्येक पशु प्रत्येक दिन के हिसाब से 40 रुपए की राशि प्रदान की जाती है जिससे कि उचित रखरखाव हो सकेगा। इसके साथ ही संबंधित पशु मालिक पर प्रत्येक पशु के हिसाब से जुर्माना भी लगाएं।

**खबर संक्षेप**

### नशे से दूरी है जरूरी नशामुक्ति को लेकर जागा जन-संकल्प

**टीकमगढ़।** प्रदेशभर में 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत सोमवार को जिले में प्रभावशाली ढंग से हुई। अभियान का औपचारिक शुभारंभ पुष्पा कॉन्वेंट स्कूल में हुआ, जहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई और जन-जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए। मंच से उठी हर आवाज़ का एक ही संकल्प था, नशा छोड़ो, जिंदगी जोड़ो। अभियान की कार्ययोजना के तहत पुलिस लाइन परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुज़री और पुनः पुलिस लाइन पर समाप्त हुई। रैली में शामिल विद्यार्थियों और पुलिस जवानों ने नशे के खिलाफ नारे लगाकर माहौल को चेतनामय कर दिया। सिर्फ जिला मुख्यालय ही नहीं, बल्कि जिले के हर थाना क्षेत्र में भी स्कूलों के सहयोग से नशामुक्ति रैलियां आयोजित की गईं। कोतवाली, जतारा, लिधोरा, बल्देवगढ़ सहित अन्य स्थानों पर पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय छात्रों के साथ मार्च कर समाज को जागरूकता का संदेश दिया। अभियान का मूल उद्देश्य युवाओं को नशीली वस्तुओं से दूर रखना, नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाना और समाज के विभिन्न वर्गों को इस खतरे के प्रति सतर्क करना है। इस कार्य में पुलिस विभाग अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जबकि शिक्षा विभाग, सामाजिक संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन भी सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।

शहर की कई कॉलोनियों में हुआ जलभराव, पानी में डूब रहे घर

# 30 फीट चौड़े नाले को अतिक्रमण कर 10 फीट करना अब पड़ रहा भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रकृति व शहर की प्राचीन ऐतिहासिक जलसंरचनाओं के साथ मनमानी कर छेड़छाड़ करने व अतिक्रमण करने का खामियाजा अब नगर वासियो को स्वयं भोगना पड़ रहा है। क्यूंकि लगातार हो रही बारिश के चलते शहर की कई कॉलोनियो में जलभराव होने से घर डूबने की स्थिति में हैं। जलनिकासी के बनी हुई संरचना रूपी नाला की चौड़ाई 30 फुट थी लेकिन लोगो ने अतिक्रमण कर उसे 10 फुट से भी कम का कर दिया जिससे जलनिकासी होने में रूकावट आ रही है।





### कॉलोनी में जलभराव से परेशान लोगो ने दिया ज्ञापन

नगर के वृंदावन तालाब का पानी लगातार तीसरे दिन नाले के रास्ते बहकर शिव शक्ति कॉलोनी, कौशलपुरी कॉलोनी और भटनागर कॉलोनी में घुस गया। जलभराव के चलते इन इलाकों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए नाले से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की। कौशलपुरी कॉलोनी के निवासी कमलकांत कड़ा ने बताया कि वृंदावन तालाब से कुंवरपुरा तक बहने वाला मुख्य नाला कई स्थानों पर अतिक्रमण की चपेट में है।

### 30 फुट चौड़ा नाला हुआ 10 फुट का

ओरछा स्टेट के ऐतिहासिक नक्शे में यह नाला 30 फीट चौड़ा दर्ज है, वहीं चीप स्टोर के पास पुलिया की चौड़ाई 40 फीट है। लेकिन वर्तमान में नाले की चौड़ाई घटकर महज 10 फीट रह गई है, क्योंकि लोगों ने नाले पर मकान और निर्माण कार्य कर लिए हैं। जिससे पानी की निरंतर निकासी नहीं हो पा रही। प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया तो रूकावटे ख़डी की गईं। जिसका खामियाजा अब लोगो को भोगना

### बारिश ने खोली पोल, पानी भरते ही बर्बाद हुआ घर-सामान

हाल ही में हुई तेज बारिश के कारण तालाब ओवरफ्लो हुआ और अतिक्रमित नाले में पानी रुकने से आसपास की कॉलोनियों में पानी भर गया। इससे कई घरों में फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य जरूरत की वस्तुएं खराब हो गईं। लोगों ने बताया कि हजारों रुपये की जनहानि हो चुकी है, और आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं।

### कलेक्टर से गुहारः नाला बचाइए, घर बचाइए

ज्ञापन सौंपने पहुंचे कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की कि तत्काल प्रभाव से नाले पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया जाए और भविष्य में इस प्रकार की समस्या से बचने के लिए नाले की सफाई और गहराईकरण कराया जाए। लोगों ने कहा कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे।

सरकारी विश्रामगृह में छलकते जाम, जिम्मेदार अनजान

# नगर का सर्किट हाउस बना शराबियों का अड्डा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

जहाँ एक ओर प्रदेश सरकार नशामुक्ति को लेकर अभियान चला रही है, वहीं पलेरा का सर्किट हाउस जो कभी विशिष्ट अतिथियों के लिए सम्मानजनक विश्रामगृह हुआ करता था आज शराबियों का अड्डा बनकर कानून व्यवस्था का मज़ाक बन रहा है।

हर शाम ढलते ही सर्किट हाउस के भीतर जाम टकराने लगते हैं, और परिसर मदहोशी का मैदान बन जाता है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, यह गंदी संस्कृति पदस्थ कर्मचारियों की मिलीभगत से पनप रही है। हालात ऐसे हैं कि इस शासकीय भवन की गरिमा तार-तार हो रही है, और प्रशासन अब तक केवल तमाशबीन बना बैठा है।

### शराबियों का कब्जा

स्थानीय निवासियों ने बताया कि सर्किट हाउस में पदस्थ कर्मचारियों की मौन सहमति के बिना यह नशे का कारोबार संभव नहीं। कुछ कर्मचारी स्वयं शराबियों को प्रवेश की छूट देते हैं, और बदले में अपनी जेब गर्म करते हैं। क्या यही है सरकार के नशा मुक्त मध्यप्रदेश का चेहरा? सवाल सिर्फ शराब पीने का नहीं है, सवाल सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग, कानून के अपमान और आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ का है।

### प्रशासन की निष्क्रियता या मिलीभगत?

सर्किट हाउस में शराबखोरी की शिकायतें नई नहीं हैं। वर्षों से स्थानीय लोग इस अराजकता के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। पर हैरानी की बात यह है कि आज तक कोई कार्रवाई तो दूर, एक जांच भी नहीं बिठाई गई। यह प्रशासनिक उदासीनता नहीं, नकलची व्यवस्था की खुली बेशर्मी है। रात के समय सर्किट हाउस के आसपास रहने वाले नागरिक अब डर के साए में जी रहे हैं। शराब के नशे में धुत्त लोगों की बदतमीजी, गाली-गलौज, पार्किंग में हुड़दंग और अशोभनीय हरकतें अब आम बात हो गई हैं। यहाँ तक कि मंदिर व मस्जिद के आसपास तक शांति भंग हो रही है। शहर का सबसे अधिक संवेदनशील क्षेत्र अब अपराधियों के लिए खुला मंच बनता जा रहा है।

### जनता का फटता धैर्य  जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो होगा जनआंदोलन

स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने सर्किट हाउस को शराबियों से मुक्त नहीं कराया, और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं की, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन छेड़ेंगे। उन्होंने यह भी मांग रखी है कि सर्किट हाउस को अस्थायी रूप से सील किया जाए, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, और शाम 6 बजे के बाद किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश निषेध हो।

चातुर्मास प्रारंभ, तप, संयम और साधना से गूंजा टीकमगढ़ का जैन मंदिर

# जैन समाज ने भव्यता से किया मंगल कलश स्थापना का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जैन जगत के सबसे पावन अनुष्ठानों में से एक चातुर्मास की शुरुआत मंगलवार को टीकमगढ़ नगर के 1008 श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि 108 सौम्य सागर जी महाराज एवं मुनि 108 जयंत सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में मंगल कलश स्थापना के साथ हुई। यह आयोजन धार्मिक भक्ति, साधना और तप की त्रिवेणी बनकर नगरवासियों के लिए पुण्यसंचय का अद्वितीय अवसर सिद्ध हुआ।



### संयम ही जीवन की वास्तविक ऊर्जा

धर्म प्रभावना समिति अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया कि मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे महाराज श्री मंच पर विराजमान हुए, जिसके उपरांत मंगलाचरण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन और गुरु चरण प्रक्षालन की पावन क्रियाएं हुईं। इसके पश्चात ज्ञानवर्धक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ कलश स्थापना का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज की माताएं, बहनें और पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुनि श्री सौम्य सागर जी ने अपने प्रवचन में कहा कि ₹जो अहंकार त्यागता है वही सच्चे अर्थों में मनुष्य की गति प्राप्त करता है। संयम ही जीवन की वास्तविक ऊर्जा है। उन्होंने ह्लजियो और जीने दोह्व के सिद्धांत को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। मुनिश्री द्वारा सात दिवस पूर्व कैशलोंच (अपने ही हाथों से अपने बालों का उखाड़ना झ एक अत्यंत कठोर तप) किया गया, जिसे जैन धर्म में संयम और तपस्या की पराकाष्ठा माना जाता है। इसके बाद मुनि श्री ने चारों दिशाओं में अपनी गति सीमित करते हुए चातुर्मास के लिए संकल्प लिया झ यह पर्व 105 से 120 दिनों तक चलता है जिसमें साधु एक ही स्थान पर रहकर ध्यान, स्वाध्याय, तप एवं प्रवचन करते हैं।

नरेंद्र जनता ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो चातुर्मास की यह मंगल बेला किसी दीपोत्सव से कम नहीं। यह टीकमगढ़ की पुण्य भूमि का सौभाग्य है कि ऐसे गुरुजनों के चरण इस नगर में पड़े, जो 28 मूलगुणों का कठोर पालन करते हुए तप और संयम की चरम सीमा पर आसीन हैं। प्रथम कलश का सौभाग्य युवराज जैन, द्वितीय राजा कारी, तृतीय देवेंद्र जैन को प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त संजीव जैन एवं अखिलेश जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं को भी कलश स्थापना का सौभाग्य मिला। इस पावन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार 'पप्पू मलिक' ने महाराज श्री को श्रीफल व साल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन के दौरान जैन समाज के वरिष्ठजनों, महिला मंडल, युवा मंडल, बाल मंडल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### पत्रकारों की मांगों पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई जताई नाराजगी

**पलेरा।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार पत्रकारों की लंबित समस्याओं को लेकर पलेरा नगर इकाई ने नाराजगी जताई है। पत्रकारों ने पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को स्मरण पत्र भेजा है। यह अभियान नगर अध्यक्ष रघुवीरसहाय पस्तोर के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें पत्रकारों ने एक स्वर में पत्रकार हितों की उपेक्षा पर रोष प्रकट करते हुए मांग की कि राज्य सरकार शीघ्र ठोस निर्णय ले। पोस्टकार्ड में उल्लेख किया गया है कि यह स्मरण पत्र दिनांक 27 मार्च 2025 को मुरैना में आयोजित दो दिवसीय त्रिवर्षीय महाधिवेशन में सौंपे गए 6 सूत्रीय मांग पत्र के संदर्भ में है। पत्रकारों ने लिखा कि महाधिवेशन के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा मांगों को गंभीरता से लेकर हल निकालने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न कोई निर्णय सामने आया, न कोई सूचना प्राप्त हुई। पत्रकारों ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो प्रदेश के पत्रकारों को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ेगी। महाधिवेशन में प्रस्तुत मांगों में प्रमुख रूप से मान्यता प्राप्त पत्रकारों को पेंशन योजना, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, प्रेस प्रतिनिधियों के लिए अधोसंरचना सुविधाएं, पत्रकार सुरक्षा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, तथा ग्रामीण पत्रकारों को भी समान अधिकार देने जैसी बिंदु शामिल थे।

बच्चों की आवाज़ से जागी चेतना, निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नशा मुक्ति को लेकर प्रदेश भर में चल रहे जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को नगर में स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। रैली में बच्चों ने हाथों में संदेश लिखे पोस्टर थामे और गगनभेदी नारों के साथ पूरे नगर में नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की। नगर परिषद कार्यालय से प्रारंभ हुई इस रैली को भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक, वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा, तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर एवं थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### बच्चे बने जागरूकता के वाहक

नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली में शामिल बच्चों ने नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो₹, बचपन बचाओ, नशा भगाओ, हम युवा हैं नशा विरोधी, जैसे नारों से वातावरण को ऊर्जा और चेतना से भर दिया। उनके द्वारा बनाए गए पोस्टर भी दर्शकों को नशे के बिरुद्ध भावनात्मक रूप से झकझोरते नज़र आए। इस दौरान यह रैली नगर के मुख्य स्थानों से होकर निकली। और लोगो को नशे के बिरुद्ध जागरूकता का संदेश दिया।

# बच्चे देश का भविष्य, उनकी बातों में बदलाव की ताकतः तहसीलदार




### थाना प्रभारी का आग्रहः घर से शुरू हो बदलाव

थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों और सम्मान को निगल जाता है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे अपने घर से ही नशा मुक्ति की शुरुआत करें। अपने परिवारजनों को समझाएं, आस-पड़ोस में भी जागरूकता फैलाएं और खुद भी नशे से कोसों दूर रहें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन और पुलिस नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए निरंतर सख्त कार्रवाई कर रही है, लेकिन इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए जनभागीदारी सबसे अहम है।

**तहसीलदार का संदेशः बच्चों की बातों में होता है असर**

रैली को संबोधित करते हुए तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर ने कहा कि नशे की लत समाज को अंदर ही अंदर खोखला कर रही है। ऐसे में यदि बच्चे अपने परिवार, समाज और आस-पड़ोस में नशे के खिलाफ बोलते हैं, तो उसका असर बहुत गहरा होता है। उन्होंने कहा, ₹बच्चे सिर्फ मासूम नहीं, बल्कि समाज का आईना और भविष्य के निर्माता हैं। उनकी बातें माता-पिता और समाज गंभीरता से लेते हैं, यही वजह है कि इस अभियान में उनकी भागीदारी को प्रमुखता दी जा रही है।

### शिक्षकों और छात्रों की रही प्रभावशाली भागीदारी

रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं स्टाफ पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सहभागी बने। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बच्चों में जागरूकता लाना था, बल्कि पूरे नगर को नशा मुक्ति को लेकर एक स्पष्ट संदेश देना था कि अब समाज नशे को बर्दाश्त नहीं करेगा।

सच्चाई की लेखनी आज हो गई खामोश

# पत्रकारिता का एक युग समाप्त कलम के धनी दाऊ का निधन



**टीकमगढ़।** पत्रकारिता की निडर और निष्पक्ष आवाज़, जनसरोकार की लेखनी के प्रतीक, वरिष्ठ पत्रकार यशोवर्धन नायक 'दाऊ' अब हमारे बीच नहीं रहे। बीते सप्ताह हृदयाघात के बाद उनका इलाज जारी था, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद वे जीवन की अंतिम लड़ाई हार गए। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया, जहां जनसैलाब उमड़ पड़ा। दाऊ पत्रकारिता के उस उज्ज्वल पक्ष का नाम थे, जिन्होंने कलम को कभी झुका नहीं होने दिया। जनहित, सच्चाई और संवेदनाओं के पक्ष में खड़ी उनकी लेखनी टीकमगढ़ की पहचान बन गई थी। उनकी अंतिम यात्रा में जिले के सभी तबकों के लोग शामिल हुए। पत्रकार, समाजसेवी, व्यापारी, अधिवक्ता, शासकीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि सभी ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। उपस्थित प्रमुखजनों में पूर्व विधायक के.के. श्रीवास्तव, अजय यादव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अमित नुना, को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी, भाजपा नेता अवधेश राठौर, पार्षद बृजकिशोर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, कांग्रेस नेता सूर्य प्रकाश मिश्रा, लक्ष्मण रैकवार, संजय नायक, सुधीर बजाज, वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत राम राजपूत, पुष्पेंद्र सिंह वनपुरा, लुईस चौधरी, राकेश टड़ैया, उस्ताज ठगन, सुनील होंडा सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल रहे। यशोवर्धन नायक को जानने वाले जानते हैं कि वे सिर्फ पत्रकार नहीं थे, बल्कि पत्रकारिता के मूल्यों का जीवंत उदाहरण थे।

कलेक्टर की पहल से जल पर्यटन को मिलेगा नया जीवन, रोमांच और रोजगार दोनों को मिलेगी रफ्तार

# नगर में बोटिंग का आगाज, महेंद्र सागर में अब लहरों पर होगी सैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के द्वारा किये गए अथक प्रयासों के चलते शहर को एक और सौगात मिली है। नगरवासियों के लिए एक बेहद उत्साहजनक खबर है। शहर के बीचों-बीच स्थित ऐतिहासिक और प्राकृतिक रूप से समृद्ध महेंद्र सागर तालाब अब सिर्फ एक जल स्त्रोत नहीं रहेगा, बल्कि जल्द ही जल पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोती की पहल पर इस तालाब में बोटिंग, कयाकिंग, पैडल बोटिंग जैसी रोमांचक वॉटर एक्टिविटीज की शुरुआत होने जा रही है।

### पर्यटन में नया अध्याय रोजगार में नया अवसर

इस योजना के माध्यम से टीकमगढ़ न केवल मध्यप्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर एक मजबूत उपस्थिति दर्ज करेगा, बल्कि इससे स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे। कलेक्टर विवेक श्रोती ने जानकारी दी कि ह्लमहेंद्र सागर के जल को जन आनंद से जोड़ना हमारा उद्देश्य है। यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि शहर को एक नई ऊर्जा और पहचान भी देगा।ह्व



### सुरक्षा और सुविधा दोनों पर रहेगा पूरा ध्यान

प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सभी वाटर एक्टिविटी में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया जाएगा। इसके तहत लाइफ जैकेट्स, गाइड, सुरक्षा घेराबंदी और प्रशिक्षित स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे नागरिक निर्भय होकर जल क्रीड़ा का आनंद ले सकें। इसके साथ ही तालाब के आसपास साफ-सफाई, पार्किंग, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और बैठने की सुविधा को भी बेहतर बनाया जाएगा, जिससे पर्यटकों को एक पूर्ण अनुभव मिल सके।



### महेंद्र सागर अब सिर्फ तालाब नहीं, पहचान बनेगा

महेंद्र सागर तालाब पहले ही टीकमगढ़ की संस्कृति, परंपरा और इतिहास का गवाह रहा है। अब यह तालाब जल पर्यटन के रूप में जिले को एक नई दिशा और दशा देने जा रहा है। स्थानीय नागरिकों में इस फैसले को लेकर जबरदस्त उत्साह है। कई लोगों ने कहा कि पहली बार कोई ऐसा काम हुआ है, जिससे शहर का चेहरा भी बदलेगा और नाम भी आगे बढ़ेगा।

### बदमाशों को पकड़ने पुलिस कस रही शिकंजा

# खिरकाई पर चंदा वसूली के लिए पहुंचे बदमाशों पर 10-10 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जंगल में लग रही खिरकाईयों पर चंदा वसूली के लिए बदमाशों के आने की खबरें आना शुरू हो गई हैं। पिछले दिनों ढोढर थाना क्षेत्र के जंगल में लगी खिरकाई पर चंदा वसूली के लिए बाहर के बदमाश पहुंच भी गए, लेकिन इसकी सूचना समय रहते पुलिस को मिल गई। जिसके बाद पुलिस तत्काल खिरकाई पर पहुंच गई और बदमाश पुलिस को देखकर भाग खड़े हुए। मगर भागे यह बदमाश अब ज्यादा दिन तक पुलिस से बचकर नहीं रह सकते। क्योंकि पुलिस ने इन बदमाशों को दबोचने के लिए अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिसके चलते पुलिस ने खिरकाई से भागे बदमाशों को न सिर्फ नामजद कर लिया है, बल्कि नामजद हो चुके बदमाश जल्द पकड़ में आ जाएं, इसके लिए पुलिस कप्तान वीरेन्द्र जैन द्वारा 10-10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर दिया है। पुलिस कप्तान के निर्देशन में एक पुलिस टीम नामजद हो चुके बदमाशों को पकडने के लिए उनके घरों पर भी जाकर दबिश दे आई,लेकिन वहां पुलिस को बदमाश मिले नहीं है।

दरअसल जिले के जंगल में आधा सैकडा के करीब खिरकाइयों लगी हुई है। यहां क्षेत्र के पशु पालक बडी संख्या में अपने मवेशियों को लेकर खिरकाईयों पर डेरा डालकर रह रहे है। लेकिन इन खिरकाईयों पर बदमाशों का दिखना शुरू हो गया है। जिसके चलते जंगली क्षेत्र में मौजूद थानों की पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। एसपी वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर सभी जंगल क्षेत्र के थानों की पुलिस लगातार अपने अपने क्षेत्र में बनी खिरकाईयों पर जाकर सर्चिंग कर रही है। एसपी वीरेन्द्र जैन ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दे दिए कि कोई भी खिरकाई बदमाशों की शरण स्थली नहीं बननी चाहिए। किसी भी खिरकाई पर बदमाशों के द्वारा चंदा वसूली किए जाने की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए।



**मददगारों को भी चिन्हित कर रही पुलिस**

खिरकाईयों पर चंदा वसूली के लिए जो बदमाश पहुंचते हैं, उनके स्थानीय स्तर पर मददगार कौन कौन लोग बनते हैं। उन्हें भी पुलिस के द्वारा चिन्हित किया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि मददगारों के सहयोग से ही बदमाश खिरकाईयों पर चंदा वसूली की घटना को अंजाम देने में सफल हो पाते हैं। इसलिए पुलिस बदमाशों पर शिकंजा कसने के साथ साथ उन लोगों पर भी कानूनी कार्रवाई का शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है, जो लोग बाहरी बदमाशों के यहां आने पर उनकी किसी न किसी तरह मदद करते हैं।

**चार बदमाश नामजद, जिनमें दो मुरैना और दो धौलपुर के**

ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि ढोढर थाना क्षेत्र में स्थित खिरकाई पर पिछले दिनों कुछ बदमाश चंदा वसूली के लिए पहुंचे थे,लेकिन इसकी सूचना मिलते ही हमारी पुलिस टीम तत्काल खिरकाई पर पहुंच गई। जिसके चलते बदमाश चंदा वसूली नहीं कर पाए और पुलिस को देखकर उल्टे पांव भाग निकले। हमने भागे चार बदमाशों को नामजद कर लिया है। जिनमें बलवीर गुर्जर पुत्र लोकमन गुर्जर निवासी खाईदार मौजा कुदिन्ना जिला धौलपुर राजस्थान, महेन्द्र परमार निवासी सेवर जिला धौलपुर राजस्थान, बंटी पुत्र नारायण रावत निवासी रायडी जिला मुरैना तथा योगेन्द्र गुर्जर पुत्र राजवीर गुर्जर निवासी तिलोंधा थाना सरायछोला जिला मुरैना शामिल है। इन चारों बदमाशों पर पुलिस कप्तान के द्वारा 10-10 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया है। इन बदमाशां को दबोचने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

**इनका कहना है...**

चार बदमाशों को नामजद करते हुए उन पर 10-10 हजार का इनाम घोषित कर दिया है। साथही सभी थाना प्रभारियों को सख्त लहजे में निर्देशित कर दिया कि खिरकाईयों पर विशेष तौर पर निगरानी रखी जाए, ताकि बदमाश वारदात घटित करने से पहले ही पुलिस के हत्थे चढ जाए।

वीरेन्द्र जैन
एसपी, श्योपुर

### कार्रवाई के लिए विधायक के नेतृत्व में एसपी को दिया ज्ञापन

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने से नाराज आदिवासियों ने घेरा एसपी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्राम चैनपुरा की आदिवासी बस्ती में रहने वाले सहरिया जनजाति के महिला पुरुषों ने मंगलवार को रैली निकालकर प्रदर्शन किया और एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन को सोशल मीडिया पर सहरिया समुदाय की महिलाओं के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग वाला ज्ञापन सौंपा। विधायक बाबू जंडेल के नेतृत्व में आदिवासी महिला पुरुष एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान, जिला प्रशासन मुर्दाबाद, पुलिस प्रशासन मुर्दा बाद, भाजपा नेता मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने एसपी वीरेंद्र जैन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि भाजपा नेता द्वारा आदिवासी महिला के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में भाजपा संगठन के दबाव में आकर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है उल्टे पुलिस पीड़िता के रिश्तेदारों को ही झूठे मामले में फंसा कर भाजपा नेता को बचा रही है। इस दौरान आंदोलनकारियो ने एसपी को सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट की स्क्रीनशॉट कटिंग भी उपलब्ध कराई। सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट बेहद शर्मनाक आपत्तिजनक थी जिसमें न सिर्फ आदिवासियों का जातीय अपमान किया गया था बल्कि आदिवासी समाज की महिलाओं को चंद रूपयो के लिए दूसरों के साथ सो जाने वाली घृणित पोस्ट भी डाली गई थी। इस मामले में एसपी जैन ने आंदोलनकारियों को भरोसा दिलाया कि वह इस मामले में निष्पक्ष जांच करवा कर दोषी पाए जाने के बाद आरोपियों पर दंडात्मक कार्रवाई करेंगे। इस दौरान विधायक ने चेतावनी दी कि अभी तो सिर्फ कुछ लोग ही प्रदर्शन करने आए हैं अगर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो पूरे जिले के आदिवासियों को एकत्रित कर कलेक्ट्रेट में भर दूंगा जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।



**कोतवाली थाने में दर्ज हुई एफआईआर**

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि यह आपत्तिजनक पोस्ट रजनी गंगवाल नाम की फेसबुक आईडी से डाली गई है। इसलिए इस आईडी को चलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ रवि कुमार आदिवासी की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### समाज पर दुष्प्रभाव डालता है नशाः एसपी

# नशा मुक्ति का संकल्प दिलाकर पुलिस विभाग ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नशा मुक्त समाज की दिशा में जनजागरुकता फैलाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति रैली एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन पुलिस नियंत्रण कक्ष में किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण से हुई, जहां पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व आम नागरिकों को नशामुक्त जीवन जीने व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई, जिसमें नशे के खिलाफ जागरूकता संबंधी नारे लगाए गए और पोस्टर-बैनर के माध्यम से संदेश दिया गया।

इस दौरान एएसपी प्रवीण भूरिया, रक्षित निरीक्षक अखिलेश शर्मा, महिला थाना प्रभारी यासमीन खान, खेल अधिकारी अरुण सिंह, नगर पालिका सीएमओ राधेरामन यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य खराब करता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी गहरा प्रभाव डालता है। पुलिस विभाग का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग नशे के दुष्परिणामों को समझें और इससे दूर रहें। युवाओं को विशेष रूप से इससे बचाने के लिए हम लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं। इसके साथ ही बाइक रैली के माध्यम से पुलिस विभाग ने समाज से अपील की कि नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ें और एक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज की ओर कदम बढ़ाएं।



# श्योपुर जिला अस्पताल को एमआरआई मशीन की सुविधा दिलाने सिंधिया ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन की उपलब्धता कराने के लिए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मप्र के चिकित्सा मंत्री राजेन्द्र शुक्ला को पत्र लिखा है। दरअसल भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जनपद सदस्य यश प्रताप सिंह चौहान ने पिछले दिनों नई दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीयसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की थी और उन्हें अवगत कराया कि श्योपुर जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन न होने के कारण जिले के मरीजों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है।

इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए सिंधिया ने मप्र के चिकित्सा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल को पत्र लिखकर श्योपुर जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के पत्र लिखने के बाद जिले के लोगो को उम्मीद बंधी है कि अब जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन की जल्द उपलब्धता हो जाएगी और जिले के लोगो को एमआरआई जांच के लिए दूसरे जिले की दौड नहीं लगानी पडेगी।बता दे कि कोविड के समय भी केंद्रीय मन्त्री सिंधिया द्वारा ही श्योपुर ज़िला अस्पताल के लिये सीटी स्कैन मशीन स्वीकृत करवाई गई थी।

## विदेश में परचम लहराने वाली श्योपुर की बेटी का किया स्वागत

**श्योपुर।** किर्गीस्तान में आयोजित एशियन अंडर-15 कुश्ती चैम्पियनशिप में जीत का परचम लहराकर लौटी श्योपुर की बेटी सुखमन कौर का स्वागत किए जाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में एकता पब्लिक हाईस्कूल श्योपुर के द्वारा सुखमन कौर और उनके पिता जितेन्द्र सिंह का स्वागत किया गया। इस दौरान स्कूल संचालक दशरथ सिंह परिहार सहित उनके स्टाफ ने सुखमन कौर का माल्यार्पण कर स्वागत किए जाने के बाद उन्हें शील्ड तथा स्मृति चिन्ह भी भेंट किए। इस अवसर पर भीमसिंह जादौन, ब्रज जाट नीतू आर्य, नीलम शर्मा, ममता मोनू पाराशर, तस्मिया, नंदनी मेहरा, निदा, वैशाली आदि मौजूद थे।




# पीएम पोषण शक्ति योजना में मशीनीकरण के विरुद्ध नारी शक्ति हुईं लामबंद



**श्योपुर।** पीएम पोषण शक्ति योजना में सरकार के नवाचार मैकेनाइज्ड किचन शेड (एमडीएम में मशीनीकरण) के विरुद्ध विभिन्न महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने सोमवार मंगलवार को प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। मध्यप्रदेश में स्कूलों में मशीनीकरण से भोजन तैयार करने की योजना के खिलाफ मंगलवार को प्रांतीय समूह संघ के बेनर तले स्कूलों में पदस्थ रसोइया एवं महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं लामबंद होकर कलेक्ट्रेट पहुंची और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश सरकार की इस योजना को गरीब महिलाओं की रोज़ी-रोटी पर हमला बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यह योजना महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी गरीब महिलाओं के परिवारों को बेरोजगारी की गर्त में धकेलने ओर भुखमरी की ओर धकेलने वाला है। प्रांतीय समूह संघ की जिलाध्यक्ष सुनीता नायक ने कहा कि सरकार अगर महिलाओं का रोज़गार छीनने के कुचक्र से बाज न आएगी तो राजधानी में प्रांतीय समूह संघ से जुड़ी 8 लाख महिलाएं अपने हक के लिए आंदोलन कर सड़कें जाम कर देंगी।

# श्वानों के हमले का शिकार हो रहे वन्य जीव, बचाने नहीं पहुंच रहा वन विभाग!

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जंगल से निकलकर हिरणों के झुंड इन दिनों खेतों पर विचरण करते हुए देखे जा रहे हैं। जिन पर श्वानों का झुंड हमला कर उन्हें अपना शिकार बना रहा है। जबकि वन विभाग इस मामले की सूचना देने के बाद भी वन्य जीवों को बचाने के लिए नहीं पहुंच रहा है। खास बात यह है कि इस मामले में वन विभाग का अमला इतनी लापरवाही दिखा रहा है कि ग्रामीण वन्य जीवों को बचाने के लिए तत्काल वन अमले को फोन लगाकर मौके पर बुला रहे है,लेकिन वनकर्मी फोन लगाने के बाद भी घंटो तक मौके पर नहीं पहुंच रहे है।

ग्राम पंचायत तुलसेफ के सरपंच प्रतिनिधी महावीर मीणा सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों तुलसेफ, भसुंदर, हिरनीखेडा, काठौदी, रामगांवडी, कनापुर, कुंडहवेली के हार में इन दिनों काफी संख्या में हिरण और उनके बच्चे झुंड के रूप में विचरण करते हुए नजर आ रहे है और इन क्षेत्रों के श्वान लगातार हमलाकर उन्हें अपना शिकार बना रहे है। श्वानों के हमले के दौरान किसी की मौत हो जाती है तो कोई जख्मी हो जाता है। घायल वन्य जीवों को बचाने के लिए इस क्षेत्र के लोग तत्काल वनकर्मियों के फोन करके सूचना देते है,लेकिन वन कर्मी कभी फोन नहीं उठाते है और कभी फोन उठा लेते है तो वो क्षेत्र हमारा नहीं है कि बात कहकर लोगो को टाल देते है। ऐसी स्थिति में घायल वन्य जीवों की उपचार के अभाव में मौत हो जाती है। मंगलवार की सुबह भसुंदर के हार में श्वानों ने एक हिरण के बच्चे को हमला कर मार दिया। जिसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दे दी गई। मगर वनकर्मी काफी देर बाद मौके पर पहुंचे। सरपंच प्रतिनिधी महावीर मीणा का कहना है कि वन विभाग की इस तरह की लापरवाही घोर निंदनीय है। प्रशासन के जिम्मेदार अफसर इस मामले में संज्ञान लेते हुए वन विभाग के अधिकारियों को नियमित गश्त करवाए जाने के लिए निर्देशित करें। ताकि इस तरह जान देने वाले वन्यजीवों को बचाया जा सके।



**इनका कहना...**

इस तरह की सूचना मुझे भी मिली है। हमने सभी रेंज आफिसरों सहित मैदानी अमले को अलर्ट मोड में रहने और सूचना मिलने पर तुरंत घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दे दिए हैं।

केएस रंधा, डीएफओ
सामान्य वन मंडल, श्योपुर

### कलेक्टर ने विजयपुर में जनसुनवाई करते हुए अधीनस्थ अफसरों को दी नसीहत

# अफसर अपना काम ईमानदारी से करें तो लोग समस्या सुनाने नहीं आएंगे जनसुनवाई में: अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरकारी योजनाओं के लिए लोगों को सरकारी दफ्तरों तक पहुंचने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। सरकार के निर्देशानुसार समय समय पर शिविर लगाकर मौके पर ही आवेदन लेकर समस्याओं के निराकरण जिले में भी किया गया है। इसके बावजूद जनसुनवाई में समस्या सुनाने आने वालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसका मतलब यह है कि वह विभागीय अधिकारी जिनकी जिम्मेदारी विभागीय कामों को करने की है वह अपना काम गंभीरता से नहीं कर रहे हैं। अगर आप वो काम जिसके लिए सरकार आपको वेतन देती है गंभीरता से करोगे तो जनसुनवाई में भीड़ स्वत ही समाप्त हो जाएगी।

यह बात कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को विजयपुर जनपद पंचायत सभागार परिसर में मौजूद विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। कलेक्टर जनसुनवाई को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से विजयपुर में जनसुनवाई करने पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने 173 लोगों की समस्या सुनकर मौके पर ही निराकरण किया।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई में नवाचार करते हुए जिला मुख्यालय से करीब 150 किलोमीटर दूर विजयपुर मुख्यालय पर भी जिला स्तरीय जनसुनवाई करने का निर्णय लिया है इसके तहत वह इस मंगलवार को जनसुनवाई करने विजयपुर पहुंचे। जनसुनवाई में अधिकतर लोग ऐसे आए जो दूरी अधिक होने के कारण जिला मुख्यालय पर जा नहीं पाते थे कई लोगों ने तो पहली बार कलेक्टर से मिलकर उन्हें आवेदन दिए। कलेक्टर को आवेदन देने का उत्साह कितना अधिक था इसकी बानगी इससे ही मिलती है कि विजयपुर मुख्यालय से 40 50 किलोमीटर दूर गांवों से भी लोग आवेदन लेकर पहुंचे। हालांकि विजयपुर मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को एसडीएम द्वारा जनसुनवाई की जाती है उसमें 40 से 50 के बीच ही लोग आवेदन देने पहुंचते थे लेकिन कलेक्टर के जनसुनवाई में पहुंचने की सूचना मिलने पर 173 लोगों ने जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी समस्याएं सुनाई। अधिकतर समस्या राजस्व संबंधित थी। किसी के ज़मीन से कब्जे नहीं हट रहे थे, किसी के सीमांकन नहीं हो रहे था। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि राजस्व संबंधित कामों का निराकरण तत्काल किया जाए इस काम में लेट लतीफी बरतने वाले पटवारी या दूसरे अमल पर दंडात्मक कार्रवाई करें। उन्होंने सीएमओ और जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि सामाजिक पेंशन सुरक्षा पेंशन एवं जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं का क्रियान्वयन मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए करें। इस दौरान जिप सीईओ अतेंद्र सिंह गुर्जर, एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा आदि अधिकारी मौजूद रहे।



**सीमा और रामकिशन को संबल, सरवन को मिला गरीब होने का प्रमाण**

जनसुनवाई में कलेक्टर का मानवीय दृष्टिकोण भी लोगों को उस समय देखने को मिला जब जनसुनवाई में पहुंचे दिव्यांग सरवन धाकड़ ने उन्हें बताया कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन तो मिलती है लेकिन इन 600 रुपए से उसका गुजारा नहीं होता कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश देते हुए तत्काल संबंधित का नाम बीपीएल सूची में जोड़ने और निशुल्क खाद्यान्न पात्रता पर्ची बनाने के निर्देश दिए। इसी तरह जनसुनवाई में बिनेगा गांव से आई महिला सीमा गुर्जर ने बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है संबल योजना के तहत प्रकरण स्वीकृत हो गया है लेकिन राशि नहीं मिली है चार बच्चों का लालन पालन वह करने में असमर्थ है। कलेक्टर ने उसे 4 लाख रुपए का संबल योजना से प्रदान करने का ईपीओ प्रदान करते हुए उसके 4 बच्चों के नाम स्पॉन्सरशिप योजना में जोड़ने के निर्देश दिए। इस प्रकार रामकिशन गौड़ खितरपाल की पत्नी की सामान्य मौत पर उसे दो लाख रुपए का का ईपीओ प्रदान किया गया।

**साहब! यहां अंडरपास की जगह फाटक बनवा दो**



साहब! यहां रेलवे विभाग के द्वारा अंडरपास बनाया जा रहा है। जिसकारण हमारे और हमारे बच्चों के सामने बारिश के दिनो में गंभीर परेशानी खडी हो जाएगी। हम मवेशियों को लेकर खेतों पर नहीं पहुंच पाएंगे, वहीं हमारे बच्चे भी स्कूल कैसे पहुंच पाएंगे। क्योंकि अंडरपास के रास्ते में बारिश का पानी भर जाएगा। कुछ इस तरह अपनी परेशानी वीरपुर तहसील के ग्राम ओडकापुरा श्यामपुर के लोगों ने विजयपुर जाते समय यहां से गुजरे कलेक्टर अर्पित वर्मा को रोककर बताई और उन्हें आवेदन सौपते हुए अंडरपास निर्माण को रूकवाते हुए उसकी जगह पर खुला रेलवे फाटक बनवाए जाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी भी दी कि हमारी मांग पूरी न किए जाने पर आंदोलन किया जाएगा।

# नहाते समय तीन चचेरी बहनें सीप नदी में बही, दो को बचाया, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सोंईकलां कस्बे में तीन चचेरी बहने सीप नदी में नहाते समय पानी के तेज वहाव में बह गईं। आसपास के लोगों ने किसी तरह दो बहनों को तो नदी से सुरक्षित निकाल लिया, लेकिन एक बालिका की मौत हो गई। बालिका के शव को नदी में उतरी एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन किए जाने के दौरान शाम को ढूंढकर नदी से बाहर निकाला। यह घटना मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे सीप नदी की है।

दरअसल इस समय सीप नदी का जल स्तर बढा हुआ है। मंगलवार की सुबह सोंईकलां के जाटव मोहल्ला निवासी बालिका मीना 15 वर्ष पुत्री देशराज जाटव, गरिमा 14 वर्ष पुत्री देशराज जाटव तथा पूजा 18 वर्ष पुत्री रमेश जाटव सीप नदी के बैरवा मोहल्ला स्थित स्नानघाट पर नहा रही थी। पानी का बहाव तेज होने के कारण तीनो चचेरी बहने नदी में बह गई। तीनो बालिकाओं को बहता हुआ देखकर वहां नहा रहे लोगो ने तत्काल नदी में कूदकर मीना और पूजा को सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन गरिमा नदी के तेज बहाव में बह गई। इस मामले की सूचना मिलने पर श्योपुर तहसीलदार मनीषा मिश्रा सहित देहात थाना पुलिस, एसडीआरएफ की टीम सोंईकलां पहुंच गई। जहां एसडीआरएफ की टीम ने नदी में उतरकर बालिका को ढूंढने की कार्रवाई शुरू कर दी है। शाम पांच बजे के आसपास बालिका का शव मिल गया। देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि बालिका के शव को नदी से निकालकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।



## खबर संक्षेप



### पोल से टकराई कार कोई हताहत नहीं

**नाराहट ।** कस्बे में बने थाने तिराहे के बीच रोड पर लगे खंभे से एक कार जा टकराई, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार का चालक और यात्री सुरक्षित है कार चालक ने बताया क्यों हेलो वह लोग टीकमगढ़ से चलकर इंदौर जा रहे थे की नारायण सरकार शॉर्टकट शॉर्टकट होने के कारण जा रहे थे बिजली की खंबे से कर की टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी की कार पूरी छतिग्रस्त हो गई गनीमत यह रही उसे समय बिजली के पोल में विद्युत संचालित नहीं थी बरना बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता । थाना नाराहट के तिहारी पर लगा विद्युत खंभा अक्षर दुर्घटना का कारण बन जाता है क्योंकि बिजली का खंभा सड़क के किनारे ही लगा है जिस कारण से वाहन चालकों को गाड़ी मोड़ने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है यह तिराहा नाराहट का सबसे व्यस्ततम तिराहा है। गनीमत रही कि उस समय बिजली नहीं आ रही थी अन्यथा सारे खंभे में करेंट दौड़ जाता और कार में सवार लोगों की जान आफत में आ सकती थी।कार के सभी यात्री सुरक्षित दूसरी कार से अपने गंताब्य स्थान पर रवाना हो गए दुर्घटनाग्रस्त कर वहां से हटा दी गई।

### बने ब्लॉक तालबेहट और जखोरा में मंडल अध्यक्ष



**ललितपुर ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सभी ब्लॉकों में मंडल अध्यक्षों का गठन किया जा रहा है जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर दयाराम एवं जिला प्रभारी कुंवर मुकुट सिंह के नेतृत्व में जखोरा में मंडल अध्यक्ष बनाए गए प्रभारी ने कहा कि सभी ब्लॉकों में 15 से 25 बूथ पर एक मंडल का गठन किया जाएगा तथा उसका नाम भी रखा जाएगा और मंडल अध्यक्षों को अपनी कमत्यों का गठन करना होगा ज्ञात हो कि तालबेहट में ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश शांडिल ने मंडल अध्यक्षों के नाम सुझाए एवं उनका नामकरण कराया भाई दूसरे ब्लॉक जखौरा में भी स्वतंत्रता सेनानी श्याम लाल गुप्ता के आवास पर बैठक हुई जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष दीपक रैकवार ने सभी मंडल अध्यक्षों के नाम सुझाब तथा उनसे मुलाकात कराई और सभी का नामकरण कराया गया इस दौरान नगर अध्यक्ष राम नरेश दुबे सुरेश गुप्ता जसपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल जिला उपाध्यक्ष रक्षपाल सिंह बुंदेला एडवोकेटजिला उपाध्यक्ष पंकज हुंडेत जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित बृजेश गुप्ता नेक सिंह राजपूत जगभान कुशवाहा अकाश कुशवाहा दयाराम विश्वकर्मा बाबूलाल रजक प्रभुदयाल साहू विजय श्रीवास प्रतिपाल सिंह घनश्याम रजक आदि मौजूद थे

### जिला विधि सेवा प्राधिकरण ने किया बालग्रह निरीक्षण



**ललितपुर।** जिला विधि सेवा प्राधिकरण में राजकीय बल ग्रह का निरीक्षण किया नरेन्द्र कुमार झा, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के राजकीय बालग्रह का किया निरीक्षण निर्देशानुसार मयंक जायसवाल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर की अध्यक्षता में राजकीय बाल गृह ललितपुर का निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बालगृह बालक कक्ष, पाठशाला कक्ष, भोजन-शाला का निरीक्षण किया। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी, प्रातः कालीन भोजन प्रदर्शित सूची के अनुसार बना हुआ पाया गया, जो बालकों को दिया गया। बालक मनोज कुमार पुत्र नारद राय जिला बक्सर, बिहार 4-5 माह से संस्थान में रह रहा था।

### मंत्रियों को घर-घर जाकर बारिश से क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट देने के निर्देश

# आपदा में सरकार आपके साथ खड़ी, तत्काल राहत देगी योगी सरकार : राज्यमंत्री निषाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर





जनपद में हो रही लगातार वर्षा के कारण विभिन्न ग्रामों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे जनजीवन भी प्रभावित हुआ है, जिसका संज्ञान लेकर मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अपने मंत्रियों को क्षेत्र में घर-घर भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेकर क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये हैं ताकि प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत प्रदान की जा सके। उक्त निर्देशों के क्रम में मंगलवार को

राज्यमंत्री, जलशक्ति विभाग, उप्र रामकेश निषाद ने जनपद के विभिन्न ग्रामों एवं जलस्त्रोतों का भ्रमण किया और घर-घर जाकर लोगों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाढ़ की स्थितियों से निपटने के लिए सरकार और प्रशासनिक अधिकारी सतर्क हैं और मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रत्येक प्रभावित परिवार को तत्काल राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसी उद्देश्य के साथ आज हम घर-घर भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में जिलों में बाढ़ चौकियां बनायी जा रही हैं और आवश्यक व्यवस्थाएं लोगों को मुहैया कराने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री ने नगर क्षेत्र में गोविन्द सागर बांध का निरीक्षण कर अधिशासी अभियंता राजघाट निर्माण खण्ड शैलेष कुमार से बांध की क्षमता, जलभराव और निकासी की जानकारी ली और निर्देश दिये कि किसी भी दशा में बांधों और तालाबों को क्षमता से अधिक न भरा जाए और निकासी से पूर्व विभिन्न माध्यमों यथा प्रिंट/इलैक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, मुनादी और सायरन आदि से लोगों को सूचित किया जाए।

राज्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान तहसील महरौनी के ग्राम पड़वा में पैदल घर-घर जाकर लोगों से वार्ता की और जलभराव के कारण हुई क्षति का स्थलीय सत्यापन किया। मौके पर ग्रामीण जमुनिया, श्यामलाल, निरऊआ, धीरा कमलेश आदि के द्वारा फसल एवं मकान क्षति के बारे में अवगत कराया गया, जिस पर राज्यमंत्री ने राजस्व अधिकारियों को लेखपालों के माध्यम तत्काल ग्रामवार हुई क्षति का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने बानपुर-चकौरा मार्ग का निरीक्षण किया, जो तालाब से पानी के बहाव के कारण कट गया है। राज्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सम्पर्क मार्ग की मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु कराने के निर्देश दिये।

राज्यमंत्री ने ग्रामीण भ्रमण के बाद कलैक्ट्रेट सभागार में आला अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिये कि जनपद के सभी बाधों की सतत निगरानी की जाए, किसी भी जलस्त्रोत को निर्धारित सीमा से अधिक न भरा जाए, साथ ही बाधों से जल निकासी के पूर्व आसपास के क्षेत्रीय लोगों को विभिन्न माध्यमों-प्रिंट/इलैक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, मुनादी तथा सायरन बजवाकर सूचित किया जाए, ताकि वे सुरक्षित स्थान पर जा सकें।

इसके लिए जनपद के सूचना तंत्र को मजबूत करें। जनपद के प्रभावित क्षेत्रों का पंचातय स्तर के कर्मचारियों, लेखपालों आदि के माध्यम से डोर-टू-डोर सर्वे करायें, प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर रखें, उनके लिए राशन व आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था सुनिश्चित करायें तथा आपदा प्रबंधन तंत्र को सक्रिय कर आपदा मित्र, गोताखोरों व नावों का प्रबंधन करें। साथ ही जनपद स्तर पर कण्ट्रोल रुम सक्रिय कर प्रतिदिन आने वाली शिकायतों को रजिस्टर्ड कराकर उनका निस्तारण सुनिश्चित करायें।

### गड़ा-पडरिया स्थित सिलार नदी पर पुल का जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य



**बीना।** विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को वर्षों की प्रतीक्षा के बाद बड़ी राहत मिली है। एसएच-14 के गड़ा-पडरिया मार्ग (किमी 2/8) पर स्थित सिलार नदी पर जलमनीय पुल एवं पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 8.40 करोड़ (840.48 लाख) की प्रशासनिक स्वीकृति शासन द्वारा जारी कर दी गई है। गौरतलब है कि यह कार्य मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की घोषणा और विधायक निर्मला सप्रे के सतत प्रयासों का परिणाम है। अब यह पुल क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए सुरक्षा, सुविधा और विकास की नई राह खोलेगा। 25 वर्षों से लंबित थी मांगझ्र यह पुल करीब 25 वर्षों से क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग रही है। बरसात में सिलार नदी के तेज बहाव से क्षेत्र के 7झ्र8 गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट जाता था। गडा, पडरिया, जैसे गांवों को स्कूल, अस्पताल और बाजार पहुंचने में भारी दिक्कत होती थी। क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बल- इस पुल के बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि आपातकालीन सेवाओं, स्कूली शिक्षा, खेती-बाड़ी और व्यवसाय में भी राहत मिलेगी।

### न्यायालय में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 180 लोगों की हुई जांच

**बीना।** सिविल न्यायालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति बीना संजय कुमार जैन के निर्देशन में मंगलवार को न्यायालय परिसर में किया गया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर के साथ ही बीना रिफाइनरी में स्वच्छता पखवाड़ा अभिनव शिक्षा समिति के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ संजय कुमार जैन जिला न्यायाधीश द्वारा फीता काटकर किया गया। जिला न्यायाधीश ने उपस्थित लोगों को नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 180 लोगों की ओपीडी जांच कर दवाईयों का वितरण एवं आंखों की जांच कर निःशुल्क चश्मों का वितरण किए गए। शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार कुन्डू, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मीनाक्षी शर्मा जोशी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शरद जोशी, जेएमएफसी मृदुल जैन, जेएमएफसी सलोनी जैन एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ रविन्द्र जैन एवं सचिव अभिभाषक संघ आदि तथा समस्त अधिवक्तागण एवं पक्षकार गण उपस्थित रहे।



### बीना रिफाइनरी की सीएसआर राशि का उपयोग ग्राम पंचायत स्तर पर हो

**बीना।** ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर सरपंच संघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने जैसे गई मांग की गई है। सरपंच संघ अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने बताया कि ज्ञापन में मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 20 से 25 व्यक्ति ऐसे है जिनका आधार कार्ड नहीं बना है। वर्तमान में नवीन आधार कार्ड सिर्फ भोपाल स्तर पर बनाए जा रहे है। वहीं आधार कार्ड बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र कि आवश्यकता पडती है जो उपलब्ध नहीं हो पाता है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए मांग की है कि तहसील स्तर पर एक आधार सेंटर उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर जाति प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को मुक्त कराने, मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन 181 पर झूठी एंव गलत शिकायत करने वाले आदतन व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही करने ग्राम पंचायत स्तर पर समस्त विभागों द्वारा सामूहिक रूप से मासिक शिविर का आयोजन किए जाने की मांग की है। इसके अलावा नवीन ड्राइविंग लाइसेंस तहसील स्तर पर केन्द्र स्थापित करने, लाडली बहना का पोर्टल पुनः प्रारंभ करने एवं बीना रिफाइनरी द्वारा सीएसआर कि राशि ग्राम पंचायत स्तर पर उपयोग किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में बलराम बुंदेला दुरूआ, हेमंत ठाकुर लखार , अवधेश तिवारी हडकल खाती,लक्ष्मण ठाकुर ढिमरोली, विकास पुरोहित नौगांव,अरविंद राय सरपंच विहरना,भागीरथ अहिरवार पडरिया आदि उपस्थित रहे।



### कम्युनिकेशन स्किल रोजगार प्रत्येक क्षेत्र में अहम जरूरीः प्राचार्य



**बीना।** गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत कम्युनिकेशन स्किल विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य डॉक्टर चंद्रा रत्नाकर ने माँ सरस्वती की पूजन से किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कम्युनिकेशन स्किल रोजगार के प्रत्येक क्षेत्र में जरूरी है तकनीकी युग में कम्युनिकेशन द्रुतगामी हो गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ रश्मि जैन ने कहा कि अभिव्यक्ति कला अभ्यास से निखरती है। मुख्य वक्ता अंशुल बबेले प्रशिक्षक उन्नति फाउंडेशन बैंगलोर ने कहा संचार कौशल द्वारा अपना ज्ञान/जानकारी अभिव्यक्त की जाती है। छात्रा वर्ग से वेदिका पाठक, निशा यादव, अनुष्का योगीराज, जीना राजपूत, स्वाति, सोनम कुर्मी, विद्या अहिरवार, मुस्कान यादव, नंदिनी अहिरवार ने तत्काल दिए विषयों पर विचार व्यक्त किए एवं कम्युनिकेशन स्किल की कला सीखी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार कॅरियर प्रकोष्ठ सदस्य आरती ठाकुर ने किया। इस अवसर पर प्रकाश चंद, डॉ दिनेश राय, डॉ हरिशंकर सेन, डॉ विशाल मिश्रा, डॉ दीपमाला सिंह, यशवंत शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

### आईएमए के प्रांतीय अध्यक्ष ने बीना में ली बैठक

**बीना।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की स्थानीय शाखा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर एमके जैन, प्रांतीय सचिव डॉक्टर राजीव जैन एवं डॉक्टर डी शर्मा जिला अधिकारी विदिशा उपस्थित रहे। जिन्होंने स्थानीय शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ कई अहम बिन्दुओं पर चर्चा हुई। जैसे क्षेत्र में शासकीय एवं अन्य योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आम जन तक कैसे पहुंचाया जाए आदि कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। डॉ एमके जैन ने आईएमए द्वारा संचालित वर्तमान एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। सभी क्वालिफाइड डॉक्टर से आईएमए का सदस्य बनने का आग्रह किया, जिससे संगठन मजबूत हो सके। आईएमए के स्थानीय अध्यक्ष डॉक्टर अजब सिंह ने प्रदेश के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

### शहर के क्रमांक 2 स्कूल में शुरू हुआ 152 शिक्षकों का 3दिवसीय प्रशिक्षण

# 220 हाई और हायर सेकेंडरी फिजिकल एजुकेशन ट्रेनिंग देंगे फिजिकल ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶शिवपुरी



अपर संचालक लोक शिक्षण भोपाल के निर्देश पर जिले के 220 हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों में अब छात्र.छात्राओं को फिजिकल एजुकेशन ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव के निर्देश पर जिले के स्कूलों के फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार से शुरू किया गया।

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के एडीपीसी राजाबाबू आर्य द्वारा शहर के शासकीय उमावि क्रमांक 2 में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।प्रशिक्षण के पहले दिन जिले के 152 हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों से आए शिक्षकों को फिजिकल एजुकेशन सहित गेम्स और फिजिकल ट्रेनिंग की बारीकियां मास्टर ट्रेनरों द्वारा सिखाई गई।इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तवएक्रमांक 2 प्राचार्य अर्चना श्रीवास्तवए, डीपीसी डायरेक्ट राजाबाबू आर्य, उत्कृष्ट विद्यालय उप प्राचार्य डॉ रतिराम धाकड़ व मास्टर ट्रेनर यादवेंद्र चौधरी व मुकेश गुप्ता मौजूद थे।

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के एडीपीसी राजा बाबू आर्य ने बताया कि जिले के हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों से आए शिक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण का मकसद जिले के सभी हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों में छात्र-छात्राओं को फिजिकल एजुकेशन देकर उनको गेम्स में पारंगत बनाना है।



## नशे के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने छात्र-छात्राओं के साथ निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलारस

नशे के खिलाफ प्रदेश स्तर से चलाई जा रही मुहिम जन आंदोलन बनने को अग्रसर है। अन्य जिलों की तरह कोलारस नगर में भी एसडीओपी संजय मिश्रा की उपस्थिति में स्कूली बच्चों और जनप्रतिनिधियों के साथ नशा मुक्ति को लेकर एक जागरूक रैली निकाली गई।

नशे का करोबार करने वालों को पुलिस ने ये संदेश भी दे दिया कि अब इस काले कारोबार से जुड़े लोग सावधान हो जाए या नगर छोड़ कर भाग जाए। समाज में फैली नशे की कुरीति के कारण कई परिवार बर्बाद हो गए हैं। जिसके चलते प्रदेश स्तर से नशे के विरोध में एक प्रदेश व्यापी मुहिम चलाई गई है। कोलारस में भी एक जागरूक रैली निकाली गई।

**इनका कहना है**

मुख्यमंत्री की पहल पर उक्त अभियान 15 दिन तक प्रभावी रूप से समाज को जागरूक करने के लिए चलाया गया है। समाज हर तरह के नशे से मुक्त हो इसके लिए हम सभी के साथ मिलकर इस पहल को आगे बढ़ा रहे है।

**संजय मिश्रा** ,सडीओपी कोलारस

### चकरा के दलदल युक्त मार्ग को दुरुस्त करने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**कोलारस।** मंगलवार को कोलारस एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ग्राम पंचायत चकरा के दर्जनों ग्रामीणों ने बदहाल मार्ग को सुधारने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें ग्रामवासियों के साथ कुछ स्कूली छात्रा भी मौजूद रहीं। ज्ञात हो कि भड़ौता से चकरा जाने वाला मार्ग विगत कई वर्षों से जर्जर और कीचड युक्त पड़ा हुआ है। केवल ट्रैक्टर के माध्यम सभी उक्त रास्ते में किसान अपने खेत तक पहुंच पा रहे हैं। उक्त रास्ते पर पढ़ने वाले खेतों पर किसान खेती की सामग्री ले जाने में काफी परेशानी का सामना कर रहे हैंए वहीं बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। प्रधानमंत्री सड़क ग्राम साखनौर और भड़ौता को जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण रास्ता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन का विस्तार

# रामप्रकाश राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कोठारी बने राष्ट्रीय सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶शिवपुरी



मानव अधिकारों के हनन को रोकने के लिए स्थापित किए गए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन पं मोहित नवानी के निर्देश पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मेडिकल सैल डॉ बीके शर्मा द्वारा संगठन का विस्तार किया गया है।

इस दौरान शहर के मातोश्री होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बीके शर्मा द्वारा संरक्षक अशोक गोयल पुलिस महानिदेशक एवं नेशनल कोऑर्डिनेटर अजय कुमार मिश्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शर्मा ने रामप्रकाश शर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्षएडॉ महेंद्र कोठारी राष्ट्रीय सचिव मप्रएडॉ अशोक पाराशर को राष्ट्रीय सचिव उप्रए डॉ देवेंद्र पांडे राष्ट्रीय सचिव राजएगोपाल कृष्ण गौड़ राष्ट्रीय सचिव व राजू यादव को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### बैज लगाकर दिए गए नियुक्ति पत्र

राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के मेडिकल सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बीके शर्मा ने बताया कि शहर के स्थानीय मातोश्री होटल में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के विस्तार की दृष्टि से नवीन पदाधिकारी का मनोनयन किया गया। इस दौरान संदीप मिश्रा को संगठन के जिला सदस्य के रूप में सदस्यता दिलाई गई। नवनियुक्त पदाधिकारी को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन का बैज लगाकर पहचान पत्र एवं नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

### बम-बम भोले का गुंजायमान करते अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए भक्त

**बीना।** देश की खुशहाली और कल्याण की भावना लेकर बीना से एक जत्था सोमवार को मालवा एक्सप्रेस से अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। धर्म जागरण विभाग के सदस्य मुन्नू पाराशर ने बताया कि देश की अखंडता एवं खुशहाली के लिए के लिए हम सभी हर साल भक्तगण अमरनाथ यात्रा पर जाते हैं। पिछले 29 वर्षों से लगातार अमरनाथ यात्रा कर रहे है। रवाना हुए सी भक्त बोल बम, बम-बम भोले, हर हर महादेव गुंजायमान करते हुए रवाना हुए। जिसमें मनोज सिरोठिया, हरिशचंद्र मिश्रा, चंद्रभान दुबे, दुर्गेश रावत, मनोज पटेल, वरुण लोधी, आशीष पुजारी, कुंदन यादव सहित कई भक्त शामिल हुए।

### चालक बोला-फाइल लेकर बोलेरो से भागे सिकंदरा प्रभारी, मनमानी का आलम

# चेकपॉइंट पर अभद्रता और फाइल चेकिंग के नाम पर वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶करैरा

जिले के सिकंदरा परिवहन चेकपॉइंट पर अवैध वसूली और मनमानी का खेल अपने चरम पर बनी हुई हैं। चेकपॉइंट प्रभारी अशोक शर्मा की करतूतों ने इस स्थान को ट्रक चालकों के लिए नर्क बना दिया है। खासबात यह है कि बुधवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जिसमें एक ट्रक चालक योगेंद्र ने बताया कि वह पुणे से बनारस जा रहा था।

जब चेकपॉइंट प्रभारी अशोक शर्मा ने उसकी फाइल चेक करने के नाम पर रोक लिया और फि र उसकी फाइल लेकर बोलेरो गाड़ी में भाग गए। चालक को तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इसके बाद अशोक शर्मा लौटे, इस घटना ने चेकपॉइंट पर व्याप्त अराजकता और लूटतंत्र को एक बार फिर उजागर कर दिया है। यह चेकपॉइंट अब नियमों को लागू करने का केंद्र नहीं, बल्कि लूट और गुंडागर्दी का अड्डा बन चुका है। सिकंदरा चेकपॉइंट पर ट्रक चालकों से अवैध वसूली का खेल लंबे समय से चल रहा है। अशोक शर्मा और उनके द्वारा पाले गए दो दर्जन से अधिक निजी गुर्गे बिना किसी वैध रसीद या दस्तावेज के ट्रक चालकों से 500 से 2,000 रुपये तक की उगाही कर रहे हैं।

यह वसूली इतनी बेशर्मी से की जा रही है कि हाइवे पर 2 किलोमीटर तक लंबा जाम लगना अब रोजमर्रा की बात हो गई है। इस जाम ने न केवल चालकों, बल्कि यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए भी भारी परेशानी खड़ी कर दी है। हाइवे पर अफ रा-तफ री का माहौल रहता हैए और चालकों को अपनी मेहनत की कमाई का बड़ा हिस्सा इन गुर्गों की जेब में देना पड़ रहा है। मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने भ्रष्टाचार और अवैध वसूली को रोकने के लिए पहले परिवहन चेक पॉइंट्स को बंद करने का ऐलान किया था। इस फैसले ने ट्रक चालकों में राहत की उम्मीद जगाई थी, क्योंकि चेकपॉइंट्स पर होने वाली उगाही से वे पहले ही त्रस्त थे। लेकिन सिकंदरा चेकपॉइंट पर अशोक शर्मा की मनमानी ने सरकार के इस आदेश को पूरी तरह से बेकार कर दिया है।



**घंटों कराया जा रहा है इंतजार**

चालक योगेंद्र ने बताया कि फाइल चेक करने के नाम पर उसे रोका गया, फि र उसकी फा इल लेकर अशोक शर्मा बोलेरो गाड़ी में भाग गए। तीन घंटे के इंतजार के बाद जब वह लौटे, तो चालक को बिना किसी स्पष्ट कारण के परेशान किया गया। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि चेकपॉइंट पर नियमों का पालन नहीं, बल्कि चालकों को डराने-धमकाने और लूटने का काम हो रहा है। स्थानीय लोगों और ट्रक चालकों का कहना है कि अशोक शर्मा के गुर्गे बेखौफ होकर हाइवे पर आतंक मचा रहे हैं। विरोध करने वाले चालकों को मारपीट की धमकी दी जाती है, और कई बार उनके साथ बदसलूकी भी की जाती है। सिकंदरा चेकपॉइंट पर यह लूटतंत्र न केवल परिवहन व्यवसाय को ठप कर रहा है। बल्कि मध्य प्रदेश सरकार की साख को भी मिट्टी में मिला रहा है। चालकों का कहना है कि सरकार के चेकपॉइंट बंद करने के फैसले के बाद भी सिकंदरा में यह उगाही जारी रहना जिला प्रशासन और परिवहन विभाग की नाकामी को उजागर करता है। कई चालकों ने बताया कि इस अवैध वसूली के कारण वे अपनी आजीविका चलाने में असमर्थ हो रहे हैं।

**इनका कहना है**

सिकंदरा बैरियर के संबंध में आपने आरटीओ से बात की क्या, यदि उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की है तो मैं इसकी जांच करावाएं लेता हूं। यदि ऐसा हो रहा है तो मैं जांच के बाद कार्रवाई करूंगा।

**डीसी शुक्ला,** अपर कलेक्टर शिवपुरी